VARDHMAN NEWS™ VN NEWS पदमं नाणं तओ दया BEAWAR (RAJ.)

वर्द्धमान News

Digital Edition — शिक्षा का उजियारा

ब्यावर, 6 सितम्बर 2025, शनिवार | Email : vardhmannewsbwr@gmail.com | मूल्य : निःशुल्क



खेल भावना से खेलोगे तो निश्चित जीत मिलेगी : अविनाश गहलोत













ब्यावर।

69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय (छात्र-छात्रा) हैंडबॉल व कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन विधिवत रुप से श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भँवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केबिनेट मंत्री श्री अविनाश गहलोत द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता ब्यावर के विधायक श्री शंकर सिंह रावत द्वारा की गई।

समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रुप में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री मोहनलाल खटनावलिया व जिला पुलिस अधीक्षक श्री रतन सिंह राठौड़ ने शिरकत की। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कुमार गुप्ता, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, निर्वतमान सभापति श्री नरेश कनौजिया विशिष्ट अतिथि रहे। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति सहमंत्री सुनील ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष देवराज लोढ़ा, प्रिंस ओस्तवाल, दीपचंद कोठारी आदि मौजूद रहे।

अतिथि देवो भव: परम्परा का निर्वहन करते हुए अतिथियो का गोठी स्कूल के मुख्य द्वार पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सुमधुर बैंड ध्वनियों के साथ तिलक लगा कर अभिनंदन किया गया।

माननीय केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यापर्ण कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। तत्पश्चात श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने केबिनेट मंत्री व सभी सम्मानीय अतिथियों का माला, साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इसके बाद विद्यालय के हैड बॉय द्वारा मशाल प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर प्रतियोगिता का आगाज किया।

प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा केबिनेट मंत्री गहलोत द्वारा की गई। कार्यक्रम समन्वयक शारीरिक शिक्षक गौतम चौहान व समीर एस. कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के दौरान कुश्ती प्रतियोगिता के अंतर्गत लगभग 180 से अधिक पहलवान छात्र-छात्राएँ भाग ले रही है। हैंडबॉल प्रतियोगिता में 35 टीमों के 450 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे है। मुख्य अतिथि मंत्री श्री अविनाश गहलोत ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने व खेल मैदान पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिये उत्साहित किया। साथ ही समारोह अध्यक्ष विधायक श्री शंकर सिंह रावत ने खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अभिप्रेरित किया। विद्यालय की छात्रा पायल चौहान द्वारा सभी खिलाड़ियो को शपथ दिलवाई गई। समारोह में भँवरलाल गोठी विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। विद्यालय द्वारा सभी आंगतुक खिलाड़ियों, खेल-प्रभारी, शारीरिक शिक्षक, व अतिथियों हेतु अल्पाहार की व्यवस्था श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय प्रांगण में की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अमनप्रीत सिंह, मैरी डेनियल व गौतम चौहान द्वारा किया गया।

वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज में होगा तीन मंजिला 'कोठारी ब्लॉक' का नवनिर्माण

भामाशाह कोठारी परिवार द्वारा 41 लाख के अर्थ सहयोग घोषणा





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी जी महाविद्यालय ब्यावर के भौतिक उन्नयन हेतु वातानुकूलित सर्वसुविधायुक्त तीन मंजिला 'कोठारी ब्लॉक' के नव निर्माण हेतु भामाशाह श्री उगमचन्द जी कमलेश कुमार जी ब्यावर, चैन्नई द्वारा इकतालीस लाख रूपए का विपुल अर्थसहयोग प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

श्रीमान् कमलेश कुमारजी कोठारी का स्वागत श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया, मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख एवं सदस्य दीपचन्द कोठारी द्वारा माल्यार्पण, उपरना, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेट कर किया गया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने अपने उद्बोधन में भामाशाह कोठारी के सहयोग के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए शिक्षण संस्थान व शिक्षा के क्षेत्र में कोठारी परिवार द्वारा उदारतापूर्वक किए गए योगदान की भूरी भूरी प्रशंसा की।

हैंडबॉल के मुकाबले 'नाज' के मैदान में...





69 वीं जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता(17 व 19 वर्षीय छात्र/छात्रा) के मुकाबले श्री नृसिंह अग्रसेन जैन सीबीएसई स्कूल (नाज) के खेल मैदान पर आयोजित होंगे। विद्यालय की प्राचार्या डॉ निवेदिता पाठक ने प्रतियोगिता के शुभारंभ पर समस्त आगंतुक खिलाड़ियों एवं खेल प्रभारियों का स्वागत करते हुए कहा कि खिलाड़ी के जीवन में जीत-हार के बजाए खेल भावना ही सबसे बड़ा महत्व रखती है।

कुश्ती के मुकाबले खेतपालिया स्किल ऑडिटोरियम में..

69 वीं जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता(17 व 19 वर्षीय छात्र/छात्रा) के मुकाबले वर्द्धमान गर्ल्स कॉलेज प्रांगण में खेतपालिया स्किल डवलपमेंट सेंटर की मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के टॉप पर बने कुश्ती ऑडिटोरियम में शुरू हुए। वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, सहमंत्री सुनील ओस्तवाल एवं पूर्व सभापति नरेश कनोजिया ने विधिवत रूप से पहलवान खिलाड़ी के हाथ मिलाकर कुश्ती की शुरुआत करवाई।






अतिथि-आगमन

69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय (छात्र-छात्रा) हैंडबॉल व कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य उद्घाटन अवसर पर भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल के मुख्य द्वार पर मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह एवं अन्य अतिथियों का राजस्थानी पोशाक में सजी-धजी छात्राओं ने कुमकुम का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर गोठी स्कूल की बॉयज/ गर्ल्स बेंड ने मधुर धुन बजाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। मंत्री डॉ नरेंद्र पारख, सहमंत्री सुनील ओस्तवाल, प्राचार्य धर्मेन्द्र शर्मा ने अतिथियों का मोतियों की माला पहना कर स्वागत-सत्कार किया।

अतिथियों का स्वागत-अभिनन्दन...








श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सी.सेकंडरी स्कूल में आयोजित 69वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला स्तरीय 17 व 19 वर्षीय (छात्र-छात्रा) हैंडबॉल व कुश्ती प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर पधारे मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, अध्यक्षता विधायक शंकर सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट मोहनलाल खटनावलिया, जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, निर्वतमान सभापति नरेश कनौजिया एवं अन्य आगंतुक अतिथिगणों का मंच पर समिति के पदाधिकारियों द्वारा माला, साफा एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत-अभिनन्दन किया गया.




सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन...





वर्द्धमान महाविद्यालय में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना एवं पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन











श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर नीति निर्माण गतिविधियों के आयोजन में मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना एवं पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना विषय पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा, अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा एवं मुख्य अतिथि डॉ. जसवीर सिंह पीपाडा सहायक आचार्य भूगोल, सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी. लोढ़ा ने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि जल स्वावलंबन अभियान मुख्य उद्देश्य राज्य में जल संरक्षण को बढ़ावा देना है।

मुख्य अतिथि डॉ. जसवीर सिंह पीपाडा ने सरकार की जल स्वावलंबन योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता एवं अकाल के दौरान पानी के अभाव से उत्पन्न समस्याओं का निराकरण करना है। सेमिनार में महाविद्यालय की लगभग 35 छात्राओं द्वारा जल संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग , इंदिरा गांधी नहर, भूगर्भ जल स्तर, जल ही जीवन है, प्रमुख नहरें व राज्यों के मध्य नदी जल समझोतों पर मुखर रूप से पी.पी.टी. प्रस्तुतीकरण, पत्र वाचन, मॉडल, पोस्टर द्वारा अपने विचार रखे। भूगोल विभागाध्यक्ष गिरीश कुमार बैरवा ने परिणामो की घोषणा करते हुए बताया कि मनहर कौर सलूजा ने प्रथम, नेहा गोर ने द्वितीय एवं डिंपल सिंघवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेमिनार में निर्णायक की भूमिका डॉ रोमा रतानी व डॉ रीना ठाकुर ने निभाई।

फिट इंडिया मिशन में कॉलेज गर्ल्स ने दिखाया दमखम

वर्द्धमान महाविद्यालय में रस्सा-कस्सी, हैण्डबॉल एवं हॉकी प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया दमखम





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में खेल मंत्रालय भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत खेल परम्पराओं को सम्मान देने तथा छात्राओं एवं स्वयंसेविकाओं में फिटनेस एवं शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु तीन दिवसीय विभिन्न रोचक खेल गतिविधियों का आयोजन 29 से 31 सितंबर तक किया गया। इस दौरान विजेताओं और प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढा द्वारा बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य खेल भावना, फिटनेस और आपसी सौहार्द को बढ़ाता है। खेल जीवन को अनुशासित करने, सहयोग की भावना और टीम वर्क को मजबूत करने का माध्यम है।

कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रीति शार्मा द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए फिट इंडिया मूवमेंट के तहत खिलाड़ियों को स्वास्थ्य एवं फिटनेस बनाये रखने की शपथ दिलवाई गई।

वर्द्धमान की छात्राएं निपुण रेंजर प्रशिक्षण प्राप्त कर ब्यावर लौटी





श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय का आठ सदस्यीय रेंजर दल राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर पुष्कर घाटी, अजमेर में प्रशिक्षण प्राप्त कर ब्यावर लौटा।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य छात्राओं में सेवा, अनुशासन, आत्मरक्षा और जीवन कौशल में प्रशिक्षित करना था। उन्हे सेवा करो के आदर्श वाक्य के तहत ध्वज शिष्टाचार, प्राथमिक उपचार, ट्रेकिंग, सामाजिक जागरूकता और कैम्प फायर जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

शिविर में प्रशिक्षण हेतु महाविद्यालय की 08 रेंजर छात्राओं ने सी.ओ. गाइड अनीता तिवारी व सी.ओ. स्काउट नरेंद्र खोरवाल की अनुपालना व सहयोग से यूनिट लीडर राजकुमारी कुमावत के नेतृत्व में सफल प्रशिक्षण प्राप्त किया।

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए हार्दिक बधाई प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

'नाज' में शो एंड टेल कम्पीटिशन

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित श्री नृसिंह अग्रसेन सी.बी.एस.ई. स्कूल (नाज) में प्री प्राइमरी कक्षाओं के नन्हें-मुन्ने बच्चों के लिए शो एंड टेल कम्पीटिशन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अंग्रेजी भाषा में जानकारी दी। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और रचनात्मकता का विकास करना रहा।

बच्चों ने विभिन्न वस्तुएँ लाकर उनके बारे में बड़ी ही आत्मीयता और उत्साह के साथ बताया। किसी ने अपने प्रिय खिलौने पर जानकारी साझा की, तो किसी ने फल, फूल, किताब और अन्य वस्तुओं के बारे में मनमोहक ढंग से प्रस्तुतिकरण किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने न केवल अपनी बोलने की क्षमता का परिचय दिया बल्कि मंच पर बिना झिझक अपनी बात रखने की कला भी सीखी। शिक्षकों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी नन्हें प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।







वर्द्धमान महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

सतत् विकास लक्ष्य भविष्य को संवारते सूत्र विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन

सेमीनार में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन 150 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत कर सतत विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं का विश्लेषण किया गया













श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में आईक्यूएसी के तत्वावधान में सतत् विकास लक्ष्य: भविष्य को सवारते सूत्र विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ नवकार मंत्र की स्तुति एवं माँ सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर. सी. लोढ़ा, सेमीनार समन्वयक डॉ नीलम लोढ़ा द्वारा मुख्य वक्ता सेवानिवृत प्राचार्य डॉ अनामी शरण पंवार व अतिथि वक्ता सेवानिवृत आचार्य प्राणीविज्ञान डॉ दीपाली लाल का माल्यार्पण एवं उपरना पहनाकर स्वागत किया गया। सेमीनार में इन्दौर, म.प्र. से ऑनलाइन जुडे अतिथि वक्ता डॉ मनीष जोशी का स्वागत किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ लोढ़ा ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि सतत् विकास लक्ष्य आगामी वर्षो में निर्धारित लक्ष्यों के साथ आगे बढने की दशा व दिशा दिखा रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन पर चिंता जताते हुए उन्होंने आह्वान किया कि यदि हमारी आवश्यकता पृथ्वी को नुकसान पहुंचा रही है तो उसे त्याग कर प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग करना चाहिए।

मुख्य वक्ता डॉ अनामी शरण पंवार ने सतत् विकास के वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दृढ़संकल्पित होकर व्यक्तिगत प्रयासों से सामूहिक उद्देश्यों की प्राप्ति पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र के 2015 में अपनाये गये 17 लक्ष्यों का मुख्य उद्देश्य 2030 तक गरीबी उन्मूलन, शून्य भूख, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और वैश्विक शांति और समृद्धि सुनिश्चित करना है। वर्तमान में बढती हुई जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति करना चुनौतिपूर्ण बन चुका है इन चुनौतियों के समाधान और लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु मजबूत साझेदारी, निरन्तर निगरानी, नवाचार और समर्पित वित्तीय प्रतिबद्धताओं की आवश्यकता है

सेमीनार में अतिथि वक्ता डॉ दीपाली लाल ने सतत् विकास लक्ष्यों को परिभाषित करते हुए 17 लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की। डॉ लाल ने पी.पी.टी. के माध्यम से दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों से वैश्वीकरण व प्रौद्योगिकीय परिवर्तन से उत्पन होने वाली नई चुनौतियों के समाधान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 2030 तक अधिक न्यायसंगत, समतामूलक और टिकाऊ विश्व को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक सतत् प्रयासों की महती आवश्यकता है।

इन्दौर से ऑनलाइन अतिथि वक्ता डॉ मनीष जोशी ने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु महत्वाकांक्षी वैश्विक रोडमैप को अपनाने पर जोर दिया। भारतीय शास्त्रों का उदाहरण देते हुए उन्होंने प्रत्येक जीव और प्रकृति के बीच सामंजस्य बनाने पर जोर देते हुए समृद्ध भारत की कामना की। साथ ही व्यावसायिक/कौशल विकास, प्रारम्भिक शिक्षा में नामांकन, प्रशिक्षित अध्यापकों व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर बल दिया।

सेमीनार में विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षाविदो व शोधार्थियों ने भाग लिया साथ ही अजमेर, जयपुर, पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, कोलकाता व तमिलनाडू से विभिन्न प्रतिभागियों द्वारा ऑनलाइन व ऑफ़लाइन 150 से अधिक शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए जिसमें महाविद्यालय के तकनीकी टीम बीसीए विभाग के विभागाध्यक्ष नवीन देवडा व समस्त बीसीए संकाय सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अन्त में महाविद्यालय प्राचार्य व सेमीनार संयोजिका द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

सेमीनार के समापन पर संयोजिका डॉ नीलम लोढा द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों, आईक्यूएसी कमेटी, समस्त संकाय सदस्यों एवं कर्मचारीगण को इस सफलता पूर्वक आयोजन पर धन्यवाद ज्ञापित किया। सेमीनार का संचालन महाविद्यालय के सहायक आचार्य निधि पंवार, राजकुमारी कुमावत, डॉ रीना कुमारी व डॉ रोमा रतानी द्वारा किया गया।



'नृत्यांजलि' गरबा क्लासेज का हुआ शुभारंभ...

श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित विविध इकाइयों के अंतर्गत खेतपालिया स्किल डवलपमेंट सेंटर की मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में नृत्य-कला में रुचि रखने वालों के लिए चल रही डांस एकेडमी 'नृत्यांजलि' में कोरियोग्राफर कनिका अग्रवाल के निर्देशन में आगामी नवरात्रि में गरबा सीखने वालों के लिए स्पेशल 'गरबा क्लासेज' प्रारंभ की गई है। समिति के अध्यक्ष सुनील खेतपालिया(चेन्नई) एवं मंत्री डॉ नरेंद्र पारख द्वारा गरबा क्लासेज का विधिवत शुभारंभ किया गया।